# ईएसआइसी के कर्मियों ने सफाई मुहिम चलाकर दिया स्वच्छ भारत का संदेश

- स्थापना दिवस पर विशेष पखवाड़े का किया जा रहा आयोजन
- योजनाओं से अवगत करवाने के लिए लगाए जा रहे जागरूकता कैंप

जागरण संवाददाता, जालंधर : कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआइसी) की ओर से स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विशेष सेवा पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत विभाग के कर्मचारियों से सफाई मुहिम चला कर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। कर्मचारियों व अधिकारियों ने ईएसआईसी कार्यालय तथा ईएसआइ अस्पताल परिसर में सफाई की। विभाग के डिप्टी डायरेक्टर राकेश कुमार ने बताया कि बेहतर स्वास्थ्य एवं सामाजिक सुरक्षा थीम के तहत ईएसआइसी के स्थापना के उपलक्ष्य में विशेष सेवाएं कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

इसके तहत ईएसआइ अस्पतालों, डिस्पेंसरियों और निजी इंडस्ट्री में लोगों को ईएसआइसी की योजनाओं से अवगत करवाने के अलावा जागरूकता कैंपों का आयोजन किया गया। लोगों की समस्याओं का समाधान करने के लिए ईपीएफओ के साथ सुविधा समागम निधि आपके निकट 2 का आयोजन के साथ निःशुल्क मेडिकल कैंप लगाया गया। दस मार्च तक चलने वाले पखवाड़े के तहत लोगों को स्वास्थ्य प्रति जागरूक करने के लिए योग, आयुष तथा पौष्टिक आहर के टिप्स देने के लिए विशेष कैंप व सेमिनार करवाए जाएंगे। ईएसआइसी में लंबित पड़े मामलों तथा अन्य शिकायतों के समाधान के लिए विशेष बैठकें की जाएगी। ईएसआइ अस्पताल तथा डिस्पेंसरियों में मरीजों की सुविधाओं के लिए स्थापित उपकरणों का जायजा लिया जाएगा।



ईएसआइसी परिसर मे स्वच्छता मुहिम के तहत सफाई करते हुए कर्मचारी • सौ. स्वयं

Scanned with CamScanner